# 14. अविकारी शब्द ( अव्यय )

ऐसे शब्द जिनमें लिंग, वचन, कारक के कारण कोई प्रभाव नहीं पड़ता, वे शब्द अविकारी या अव्यय कहलाते हैं। अविकारी का अर्थ होता है जिसमें कोई विकार या परिवर्तन न हो।

## शिक्षण-संकेत

- शिक्षक/शिक्षिका छात्रों से पूछें कि वे अविकारी शब्दों से क्या अर्थ समझते हैं।
- पाठ पृष्ठ 99 पर दिए वाक्यों के उदाहरणों को छात्रों से पढ़वाएँ तथा उनमें आए अविकारी शब्दों तेज़, के सामने से अवगत कराएँ।
- बताएँ, हम अपनी रोज़मर्रा की बातचीत में कई सारे अव्यय शब्दों का प्रयोग करते ही रहते हैं।
- अविकारी शब्दों के प्रकार बताएँ।
- बताएँ, जो शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं, वे क्रियाविशेषण कहलाते हैं।
- बताएँ, कोई काम कब, कहाँ, कैसे या कितना हुआ या हो रहा है, यह क्रियाविशेषण से पता चलता है। इसी आधार पर इसके भेद किए जाते हैं। क्रियाविशेषण के चारों प्रकार – कालवाचक, स्थानवाचक, रीतिवाचक, परिमाणवाचक क्रियाविशेषण को स्पष्ट रूप से समझाएँ।
- संबंधबोधक, समुच्चयबोधक, विस्मयादिबोधक तथा निपात अव्ययों के बारे में समझाते हुए पृष्ठ 102-105 पर दिए वाक्य पढ़ें तथा एक-एक करके सभी भेदों को समझाएँ।
- सुनिश्चित करें कि छात्रों को आसानी से समझ आ रहा है।
- पाठ के मौखिक प्रश्नों के उत्तर छात्रों से पूछें।